MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR
मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी,
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर

Beoharbagh, Jabalpur (M.P.) – 482 007
ब्योहारबाग, जबलपुर (म.प्र.) – 482 007
Ph. No. 0761-2626945 Telefax 0761-2628679 E-mail: mpjotri@gmail.com

//निविदा आमंत्रण सूचना//

No. 478/MPSJA/2019 Jabalpur, dated 04-10-2019

मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी, म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर अपने कार्यालय में उपयोग की जा रही लोहे की आलमारियों में आवश्यक सुधार कार्य कराने, ताले बदलवाने एवं पेन्ट कराने हेतु निम्नलिखित विवरण के साथ निविदा आमंत्रित करता है:–

(1) कुल 24 नग सिंगल डोर आलमारी में आवश्यकतानुसार डेंटिंग कार्य।

(2) कुल 24 नग सिंगल डोर आलमारी में जहां आवश्यकता हो वहां ताले (लॉक) बदलना।

(3) सभी आलमारियों में हैमर पेंट मैट फिनिश (hammer paint matte finish) कराना।

(4) आलमारियों में लगाये जाने वाले ताले उच्च गुणवत्ता जैसे– गोदरेज व समतुल्य कम्पनी के होंगे।

(5) प्रत्येक आलमारी के सामने की ओर अकादमी का नाम एवं मोनो स्टेनलेस स्टील की प्लेट पर लगाना।

(6) उपरोक्त कार्य आदेश प्राप्त होने के 30 दिन में पूर्ण करना होगा।

(7) आलमारियों के अकादमी के कक्षों से वर्कशॉप तक ले जाने और वापस अकादमी पहुंचाने का दायित्व एवं व्यय निविदाकर्ता का होगा, इस हेतु कोई पृथक से भुगतान नहीं किया जायेगा।

अतः उपरोक्त शर्तों के अधीन संलग्न प्रारूप में विस्तृत निविदा सीलबंद लिफाफे में मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी की आवक शाखा पर दिनांक 21.10.2019 की दोपहर 03:00 बजे तक प्रस्तुत करें। लिफाफे के शीर्ष पर "आलमारियों के सुधार कार्य की निविदा" का उल्लेख करें एवं "संचालक, मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी, म.प्र. उच्च न्यायालय, ब्योहारबाग, जबलपुर" के पते पर प्रस्तुत करें।

अधिक जानकारी एवं आलमारियों की स्थिति देखने के लिये उपरोक्त पते पर कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

नियम एवं शर्तें

1. फैक्स/ई–मेल/टेलेक्स से प्राप्त एवं अपूर्ण निविदायें स्वीकार नहीं की जावेंगी।
2. रजिस्ट्रार जनरल, म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण दर्शाये और बिना कोई सूचना दिये पूर्णतः अथवा भागतः स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।
3. निविदा में उल्लेखित कोई भी शर्त जो इस सूचना के विपरीत है मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी पर बंधनकारी नहीं होगी।
4. कार्य का भुगतान कार्य पूर्ण होने एवं अकादमी द्वारा नामित अधिकारी के संतुष्टि प्रमाण–पत्र जारी करने के उपरांत, राशि उपलब्ध होने पर किया जावेगा।
5. यह सूचना मात्र प्रस्ताव का आमंत्रण है। इससे कोई संविदात्मक संबंध स्थापित नहीं होते हैं।

निविदा का प्ररूप

क्र.	कार्य का विवरण	दर (समस्त व्यय एवं कर सहित)
1.	डेंटिंग एवं पेंटिंग कार्य (सिंगल डोर आलमारी)	
2.	ताले (कृपया कम्पनी का make/model) उल्लेख करें। (प्रति नग)	

मैं/हम निविदा आमत्रण सूचना में उल्लेखित समस्त शर्तों एवं निर्बधनों को स्वीकार करते हैं।

निविदाकर्ता/के हस्ताक्षर

नाम–

पता–

मोबाईल नं.

ई–मेल

3.10.19

संचालक
मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी,
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर